# राम को मांग ले मेरे प्यारे भजन हिंदी लिरिक्स

राम को मांग ले मेरे प्यारे,
उम्र भर को सहारा मिलेगा,
सिर्फ इनकी शरण में ही तुझको,
जिंदगी भर गुजारा मिलेगा,
राम को माँग ले मेरे प्यारे,
उम्र भर को सहारा मिलेगा।bd।

---

कितना दो हाथों से ले सकेगा,
देने वाले की है लाख बाहें,
इनका दामन पकड़कर तो देखो,
खुशनुमा सा नजारा मिलेगा,
राम को माँग ले मेरे प्यारे,
उम्र भर को सहारा मिलेगा।bd।

---

खुद को तन्हा समझता है क्यों तू,
जर्रे जर्रे है ये समाया है,
दुख में आवाज देकर तो देखो,
कौशल्या का दुलारा मिलेगा,
राम को माँग ले मेरे प्यारे,
उम्र भर को सहारा मिलेगा।bd।

---

रुप नैनो में इनका बसा लो,
नाम लेते रहो चलते फिरते,
चाहे तूफा हो या भंवर हो,
हर सफर में किनारा मिलेगा,
राम को माँग ले मेरे प्यारे,
उम्र भर को सहारा मिलेगा।bd।

---

राम को मांग ले मेरे प्यारे,
उम्र भर को सहारा मिलेगा,
सिर्फ इनकी शरण में ही तुझको,
जिंदगी भर गुजारा मिलेगा,
राम को माँग ले मेरे प्यारे,
उम्र भर को सहारा मिलेगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com